# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्नातक महाविद्यालय डभरा, जिला–सक्ती (छ.ग.)

**नैक द्वारा मूल्यांकित "B" ग्रेड**

E-mail : govtcollegedabharacg@gmail.com Website : www.govtcollegedabhara.in


क्रमांक 204 /अति. व्याख्या./2025–26 डभरा, दिनांक 28.07.2025

## –:: अतिथि क्रीडाधिकारी पद हेतु विज्ञापन::–

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्रमांक 289/01/आउशि/राज. स्था./2025 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23.04.2025 एवं छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर का पत्र क्र. ESTB-1027/1216/2025/38-1 दिनांक 23.07.2025 के अनुसार शासकीय स्नातक महाविद्यालय डभरा, जिला–सक्ती (छ.ग.) में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में **अतिथि क्रीडाधिकारी** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन **दिनांक 04.08.2025 सायं 5:00 बजे तक** केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**पदों का विवरण**

| क्र. | विषय/पद | पद संख्या |
|---|---|---|
| 01 | अतिथि क्रीडाधिकारी | 01 |

टीपः– संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि क्रीडाधिकारी की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. अतिथि क्रीडाधिकारी को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग संबंधि विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि क्रीडाधिकारी के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थीयों के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. आयु सीमा : अतिथि क्रीडाधिकारी हेतु अधिकतम 62 वर्ष तक।
3. छ.ग. का मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**शर्तें:–**

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. **दिनांक 04.08.2025 तक** कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों को ही गणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में ऑफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। भविष्य में में



Scanned with OKEN Scanner

आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में ऑनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।

3. अंतिम तिथि तक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन **दिनांक 05.08.2025** को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। वेबसाईट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।
5. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की **तिथि 07.08.2025 तक** होगी।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन **दिनांक 08.08.2025** को किया जायेगा। जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचारधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई हैं।
8. आवेदन उपरांत आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. अतिथि क्रीडाधिकारी की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
10. अतिथि क्रीडाधिकारी व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगाः—

| **दैनिक मानदेय** | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **विवरण** | **अतिथि क्रीडाधिकारी** | **अतिथि क्रीडा सहायक** |
| | दैनिक मानदेय (प्रति दिवस न्यूनतक 07 घंटा कार्य अवधि) | 1600/ (40,000/— प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/ (30,000/— प्रतिमाह अधिकतम) |

11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता (प्राचार्य, शासकीय स्नातक महाविद्यालय डभरा, जिला—सक्ती (छ. ग.) पिन कोड 495688) एवं आवेदित पद आवश्यक रूप से लिखें।
12. इस विज्ञापन के तहत् व्यवस्था किये गये अतिथि क्रीडाधिकारी विश्वविद्यालय/महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक—सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक—सेवक नहीं कहलायेंगे।
13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगाकर 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी। जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. क्रीड़ा गतिविधियों के साथ—साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, युवा उत्सव, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यों में ये सहयोग प्रदान करेंगे।
16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।

प्राचार्य
शास. स्नातक महाविद्यालय डभरा
जिला सक्ती (छ.ग.)
PRINCIPAL
Govt. Degree College Dabhara
Distt.- Sakti (C.G.)

LETTERS COPY

Scanned with OKEN Scanner

पृ. क्रमांक 205 /अति. व्याख्या./2025–26 डभरा, दिनांक 28.07.2025

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
2. अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर संभाग बिलासपुर (छ.ग.)
3. कलेक्टर, जिला–सक्ती छ.ग. को सूचनार्थ।
4. अग्रणी, प्राचार्य, शासकीय क्रांतिकुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सक्ती को सूचनार्थ।
5. प्राचार्य, समस्त शासकीय महावि. छ.ग. एवं सूचना पटल में चस्पा हेतु निवेदन के साथ सूचनार्थ।

For

प्राचार्य

शास. स्नातक महाविद्यालय डभरा

PRINCIPAL

Govt. Degree College Dabhara

Distt.- Sakti (C.G.)

LETTERS COPY

Scanned with OKEN Scanner

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्नातक महाविद्यालय डभरा, जिला–सक्ती (छ.ग.)

### अतिथि क्रीडाधिकारी के रूप में कार्य हेतु आवेदन–पत्र

आवेदक का नाम :–............................................................

पिता/पति का नाम :–............................................................

जन्म तिथि :–............................................................

जाति/सवंर्ग :–............................................................

पत्र व्यवहार का पता :–............................................................

............................................................

मो. नंबर :–............................................................

**शैक्षणिक योग्यताएँ** :–

| उत्तीर्ण प्रमाण पत्र/उपाधि | बोर्ड/वि.वि. | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| हाई स्कूल | | | | |
| हायर सेकेण्डरी | | | | |
| स्नातक | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | |
| पी–एच.डी. | | | | |
| नेट/सेट | | | | |
| एम.फल. | | | | |
| अन्य (एन.सी.सी. /एन.एस.एस. /खेलकूद आदि) | | | | |

**संलग्न सहपत्रों की सूचीः–**

1. ............................................ 2. ............................................
3. ............................................ 4. ............................................
5. ............................................ 6. ............................................

**//घोषणा//**

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

स्थान ..................................... आवेदक का हस्ताक्षर

दिनांक ..................................... नाम :–.....................................

**//पावती//**

श्री/श्रीमती/कु. ............................................ पिता/पति ............................................ का पद **अतिथि क्रीडाधिकारी** हेतु निम्न सहपत्रों सहित आवेदन पत्र प्राप्त किया।

LETTERS COPY

हस्ताक्षर प्राप्तकर्ता एवं दिनांक

Scanned with OKEN Scanner